Regarding request to include railway stations of Sheohar constituency under the Amrit Bharat Scheme

श्रीमती लवली अां द (शिवहर) : सभापति महोदय, मैं सबसे पहले रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूँ कि वे बिहार में अमृत भारत योजना के तहत 98 विश्व स्तरीय स्टेशन्स का निर्माण कर रहे हैं और 12 जोड़ी वंदे भारत ट्रेन्स चल रही हैं । आगे पूरे देश में 200 नई वंदे भारत और 100 नई अमृत भारत ट्रेन्स चलेंगी । मेरा संसदीय क्षेत्र शिवहर है और मैंने बार-बार एक ही मांग की है । इसलिए मैं अपनी उसी मांग को पुरजोर तरीके से वापस दोहराती हूँ कि इसी वित्तीय वर्ष में वहां पर रेल परिचालन शुरू हो, क्योंकि भूमि अधिग्रहण का काम बहुत धीरे चल रहा है ।

सभापति महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के रीगा, मोहिनी मंडल, बैरगनिया, कुंडवा चैनपुर, घोड़ासहन , इन सभी स्टेशन्स को अमृत भारत परियोजना में शामिल किया जाए और उनका सौन्दर्यीकरण किया जाए । उनका आधुनिकीकरण करते हुए वहां पर आरक्षण काउंटर, शुलभ शौचालय और एसी विश्रामालय की भी सुविधा प्रदान की जाए ।